## महत्वपूर्ण एवं खास

### कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर (आरएनएस)।** कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें नमन किया है साथ ही लिखा कि बापू के संघर्ष की गाथा को बा के योगदान के बिना पढ़ना सदैव अधूरा लगता है। कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्वीट के माध्यम से उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्वीटर एकाउंट में एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है-देशसेवा के महाव्रत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सदैव साथी रहीं कस्तूरबा गांधी यानी बा की पुण्यतिथि पर सादर नमन। बापू के संघर्ष की गाथा को बा के योगदान के बिना पढ़ना सदैव अधूरा लगता है।

### नाबालिग लड़की लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मौदाहापारा क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के लापता हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा निवासी पीड़िता 18 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को अमर किराना स्टोर मौदहापारा के पास प्रार्थियां की बहन 16 वर्ष को किसी ने बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी 50 हजार रुपये चोरी किये जाने की रिपोर्ट गोबरानवापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लटर्रापारा नवापारा निवासी श्रीमती मंजू जैन 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को प्रार्थियां अपने मकान में ताला लगाकर कहीं गई हुई थी जब वापस आया तो किसी ने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी 50 हजार रुपये की चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार, नगदी 25 हजार रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** आमानाका व आरंग पुलिस ने जुआ खेलते पाये जाने पर छह जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 25 हजार 1 सौ रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका थाना क्षेत्र में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने यादव मोहल्ला टाटीबंध में जुआ खेलते सूरज भगत 28 वर्ष एवं एक अन्य जुआरी को गिरफ्तार कर उनके पास से 4 हजार 4 सौ 40 रुपये जब्त किया है। इसी तरह आरंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को मछली चौक के पास नवल किशोर शर्मा 36 वर्ष एवं अन्य तीन जुआरियों को जुआ खेलते पाये जाने पर गिरफ्तार कर उनके पास 20 हजार 6 सौ 60 रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसायकिल सवार चाचा भतीजा को मारी टक्कर

» एक की मौत एक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** मोटर सायकिल से जा रहे चाचा-भतीजा को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते घटनास्थल पर ही चाचा की मौत हो गई, वहीं भतीजा घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार खोडसीनी थाना हट्टा बालाघाट निवासी अखिल कुमार गुप्ता 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी अपने चाचा गोपाल प्रसाद 40 वर्ष के साथ पल्सर मोटरसायकिल से आ रहा था तभी गनपद चौक रिंग रोड 2 कबीरनगर में तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया।


### एनिग्मा मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में तृप्ति राय चौधरी विनर बनीं

**रायपुर (आरएनएस)।** एनिग्मा मिस्टर मिस एंड मिसेज इंडिया 2020 प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर में कंपनी मैनेजमेंट ने ग्रैंड एडवेंचर्स फैशन शो आयोजित किया था। उक्त प्रतियोगिता प्रदेश की बेटी तृप्ति राय चौधरी ने मिसेज कैटेगिरी में विनर रहीं।

# छत्तीसगढ़ का आर्थिक विकास मॉडल देश के लिए मिसाल- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**» मुख्यमंत्री ने द हिन्दू हडल मीट में बताई नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी की उपयोगिता**

**» यह योजना जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में मददगार**




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में धान और किसान एक दूसरे के पर्याय हैं। इसलिए हमने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और पर्यावरण को बचाने के लिए नया आर्थिक माडल लागू किया है। यह मॉडल गांधी जी की 150 जयंती पर शुरू किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन की चुनौती का भी मुकाबला करने के साथ-साथ कृषि लागत में कमी लाने में सहायक है।

बघेल आज बेंगलुरु में आयोजित द हिंदू हडल मीट 2020 कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि क्षेत्र के विकास और औद्योगिक विकास के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने और प्रदूषण रोकने के लिए ग्रीन टेक्नोलॉजी के उपयोग को प्रोत्साहन देने की जरूरत भी बताई। श्री बघेल ने कहा कि यह मॉडल देश के लिए मिसाल है। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि जीवन यापन का प्रमुख जरिया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार की नरवा ,गरवा ,घुरवा, बारी योजना जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के साथ-साथ कृषि लागत में कमी लाने में भी सहायक होगी। इससे किसानों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि नरवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 30 हजार नालों में से 1024 नालों में वाटर रिचार्जिंग का काम प्रारंभ किया गया है। दूसरे प्रदूषणों के साथ-साथ भूमिगत जल के असंतुलित दोहन से भी धरती गर्म हो रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के विषय में कहा कि इसका असर छत्तीसगढ़ में भी व्यापक रूप से पड़ा है। मानसून की वर्षा में कमी आई है, पहले 60 इंच वर्षा होती थी जो अब घटकर 40 इंच हो गई है और जून में होने वाली बारिश अब जुलाई माह के आखिरी में होती है। इसका असर कृषि उत्पादन में और किसानों की क्रय शक्ति पर पड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने और किसानों को भरपूर आमदनी मिले इसके लिए सुराजी गांव योजना के विभिन्न घटकों में काम शुरू किया गया है।

राज्य सरकार ने केन्द्रीय पूल में धान जमा करने और सर्वभौम पीडीएस के बाद अतिरिक्त धान को ऐथेनॉल बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यदि राज्य में उत्पादित अतिरिक्त अनाज से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति देती है, तो इससे किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम मिलेगा, बायोएथेनॉल संयंत्र लगाने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और फ्यूल पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी। भण्डारण की समस्या का भी समाधान मिलेगा।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 से

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 28 जिलों से 17 फाइलेरिया प्रभावित जिले हैं जिनमें 215 लाख लोग निवासरत रहते हैं। देश में 16 राज्यों एवं 5 संघीय क्षेत्रों में 256 जिलों में से 63 करोड़ लोगों को फाइलेरिया का खतरा है।

उक्त कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 24, 25 एवं 26 फरवरी को आयोजित किया गया है। 29 फरवरी को माप अप राउंड में छूटे हुए लोगों को दवा सेवन कराया जाएगा। उक्त जानकारी फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. अमरसिंह ठाकुर एवं डॉ. सुभाष मिश्रा ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में डॉ. मिश्रा एवं डॉ. ठाकुर ने बताया कि फाइलेरिया की दवाई का सेवन खाली पेट नहीं कराया जाना चाहिए। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 200 मिलीग्राम में आधी गोली का सेवन कराना चाहिए। 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 400 मिलीग्राम में से 100 मिलीग्राम दवा का सेवन कराना चाहिए। 6 से 14 वर्ष के बच्चों को 400 मिलीग्राम की दो गोली का सेवन, 15 से 19 वर्ष के लोगों को 400 मिलीग्राम की तीन गोली एवं 20 से उपर के महिला एवं पुरूष को 400 मिलीग्राम की तीन गोली खिलानी चाहिए।

उक्त उमर प्राप्त बच्चों एवं बड़ों को क्रमशः 100 मिलीग्राम, 200 मिलीग्राम, 300 मिलीग्राम खुराक का सेवन फाइलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया की दवा के सेवन से कभी-कभी सेवनकर्ता के शरीर में सिरदर्द, शरीर में दर्ज, सिर में हल्कापन, सुस्ती उल्टी अथवा सांस लेने में तकलीफ होती है।

## डंकनी नदी के तट में मिली लक्ष्मी-विष्णु की प्रतिमा



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के डंकनी नदी के तट पर नारायण मंदिर के पुजारी को शिवरात्रि के दिन भगवान विष्णु-लक्ष्मी प्रतिमा की शानदार पाषाण प्रतिमा मिली है, जिसे नारायण मंदिर में रखा गया है। पंड़ितो और दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी से विचार के बाद उसे नारायण मंदिर में स्थापित किये जाने पर विचार किया जा रहा है।

नारायण मंदिर के पुजारी बलराम चालकी के मुताबिक उसे काफी दिनों से स्वप्न में भगवान की आकृति नदी में नजर आती थी, लेकिन वह समझ नहीं पाया था। शुक्रवार सुबह जब स्नान करने गया, ड़कनी नदी के पुराने पुल के करीब रेत और पत्तों के बीच कुछ नजर आया। रेत हटाने पर वंहा करीब आधे फीट से अधिक की वर्गाकार पत्थर में उकेरे गई लक्ष्मी और विष्णु की प्रतिमा मिली जिसे अन्य पुजारियों के साथ मंदिर में लाकर रखा गया है। ज्ञात हो कि यहां आस-पास बड़ी संख्या में पुरानी मूर्तियां पायी जाती है,उन्ही मे से कोई मूर्ति मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## राज्यपाल ने सरगुजा पैलेस पहुंचकर राजमाता को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके आज दोपहर करीब 12 बजे अंबिकापुर पहुंची और राजमाता स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के शोक कार्यक्रम में शामिल हुई। अपने सरगुजा प्रवास के दौरान राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके सरगुजा पैलेस पहुंची और यहां आयोजित शोक कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल राजपरिवार से मुलाकात की तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से भी मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। राज्यपाल सुश्री उईके दोपहर करीब 1.30 बजे अंबिकापुर से हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए रवाना होंगी और दोपहर 2.30 बजे रायपुर पहुंचेंगी।

## गैस सिलेण्डर की कीमतों में वृद्धि व आरक्षण में कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन कल



**रायपुर (आरएनएस)।** गैस सिलेंडर के दाम में लगातार जारी वृद्धि और एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण में कटौती करने सहित केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन 23 फरवरी को किया जाएगा। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला कांग्रेस केन्द्र सरकार की नीतियों, बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 150 रुपए की वृद्धि तथा आरक्षण में कटौती किए जाने के विरोध में राजधानी रायपुर के गांधी मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## भारत स्टेज-4 वाहनों का एक अप्रैल से नहीं होगा पंजीयन

**» परिवहन आयुक्त ने बीएस-4 वाहनों के पंजीयन अप्रूवल के लिए लंबित समस्त प्रकरणों को 29 फरवरी तक जमा कराने के दिए निर्देश**

**रायपुर।** एक अप्रैल 2020 से भारत स्टेज-4 (BS-IV) वाहनों का पंजीयन नहीं किया जाना है। इस संबंध में परिवहन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह द्वारा राज्य के समस्त क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय तथा जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी वाहन डीलर्स को लिखित रूप से अवगत कराएं कि बीएस-04 वाहनों के पंजीयन अप्रूवल के लिए समस्त लंबित प्रकरण 29 फरवरी 2020 तक आवश्यक रूप से जमा करें, ताकि वाहन विक्रेता के द्वारा विक्रय किए गए समस्त बीएस-04 वाहनों का पंजीयन किया जा सके। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वाहन विक्रेता द्वारा यदि क्रेता को बीएस-04 वाहन बिक्री किया गया है तो सम्पूर्ण वैध दस्तावेज प्राप्त कर निर्धारित समयावधि में उसका पंजीयन की कार्रवाई पूर्ण कर लेंवे।

परिवहन आयुक्त द्वारा जारी निर्देश में अवगत कराया गया है कि चूंकि एक अप्रैल 2020 से बीएस-04 वाहनों का पंजीयन नहीं किया जाना है, ऐसी स्थिति में काफी संख्या में पंजीयन प्रकरण लंबित हो सकते हैं।

## तेलघानी नाका के पास शराब दुकान व आहता खोलने प्रस्ताव के विरोध में सड़क पर उतरे लोग

**» विधायक कुलदीप जुनेजा भी लोगों के समर्थन में मौके पर पहुंचे**



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका रेलवे स्टेशन के पास नई शराब दुकान और आहता खोले जाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा लाये गये प्रस्ताव के विरोध में शनिवार को क्षेत्र के लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक कुलदीप जुनेजा भी मौके पर पहुंचकर लोगों के विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग ने कुछ दिन पहले तेलघानी नाका के पास शराब दुकान व अहाता बनाने के लिए जगह का सर्वे किया था। इसकी जानकारी जब वहां के रहवासियों एवं व्यापारियों को चला तो इसके खिलाफ आज मोर्चा खोल दिया। इधर इस मामले में विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि स्थानीय लोग मेरे पास पहुंचे थे। नई शराब दुकान के विरोध में इन लोगों को सूचना मिली है कि आबकारी विभाग के अधिकारी यहां नया आहता और शराब दुकान बनाने के लिए सर्वे करने आये थे। श्री जुनेजा ने कहा कि इस मामले में वे आबकारी विभाग के अधिकारियों से बातचीत करेंगे। अगर यहां अहाता खोले जाने का प्रस्ताव है और यहां के लोग इसके विरोध में है तो यहां अहाता खोलने नहीं दिया जाएगा।

## मौसम विभाग ने दी राज्य के कई जिलों में ओलावृष्टि-भारी बारिश की चेतावनी

**रायपुर (आरएनएस)। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए राज्य के कई जिलों के लिए यलो अलर्ट तो वहीं कुछ जिलों के लिए 24 से 25 फरवरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए प्रदेश के राहुल आयुक्त को ओलावृष्टि तथा भारी बारिश की सूचना देते हुए पत्र प्रेषित किया है।**



छत्तीसगढ़ प्रदेश के राहत आयुक्त के नाम से जारी पत्र में मौसम विभाग आगामी 25 फरवरी तक राज्य के कई जिलों में ओलावृष्टि होने तथा कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग से जारी अलर्ट के अनुसार कल 23 फरवरी से 24 फरवरी के मध्यम प्रदेश के कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर जिलों ओर इससे लगे छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश अथवा गरज-चमक के साथ आलोवृष्टि की चेतावनी जारी करते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। इसी तरह 24 से 25 फरवरी तक राज्य के कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर जिलों अ ौर उससे लगे उत्तरी भाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश अथवा मेघ गर्जन के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए प्रदेश के बिलासपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, रायगढ़ जिले में एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है।

## पेड़ से गिरकर युवक हुआ घायल

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक में युवक सुखराम पेड़ से गिरकर घायल हो गया, जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा 108 को संपर्क कर बुलाया गया। सड़क खराब होने की वजह से 108 को गांव से 01 किमी दूर 108 वाहन छोड़कर संजय कुमार सूर्यवंशी एवं पायलट रामलाल पदम 01 किमी. गांव पहुंचकर चारपाई की मदद से एम्बुलेंस में मरीज को अस्पताल शिफ्ट किया गया। उल्लेखनिय है कि इस इलाके में ऐसे कई गांव है जहां सड़क खराब होने की वजह से 108 , 102 की सुविधा का लाभ ग्रामीणों को नही मिल पाता है। बावजूद इसके 108 के कर्मचारी क्षेत्र में सेवा दे रहे है। घायल सुखराम के दोनो पैरों में फ्रैक्चर होने की वजह से चल फिर नही पा रहा था, जिसे जिला अस्पताल बीजापुर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंहदेव को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज सरगुजा पैलेस अम्बिकापुर पहुंचकर अविभाजित मध्यप्रदेश की पूर्व मंत्री और सरगुजा की राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव की माताजी स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव का बीते 10 फरवरी को निधन हो गया था।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव के निधन को अपूरणीय क्षति कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सौम्य छवि की कुशल एवं दूरदर्शी नेता थीं। इस अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह, लुण्ड्रा के विधायक डॉ. प्रीतम राम, रामानुजगंज विधायक श्री वृहस्पत सिंह, बिलासपुर के विधायक श्री शैलेष पांडेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री गौरव द्विवेदी, सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य विशिष्टजन मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU